हिन्दी भाषा दिवस समारोह का सफल आयोजन

बब्बर अकाली मैमोरियल खालसा कॉलेज गढ़शंकर में प्राचार्या डॉ. अमनदीप हीरा जी की योग अगवाई में हिन्दी शिक्षक डा. अरविंदर सिंह अरोड़ा द्वारा हिन्दी भाषा दिवस समारोह का सफल आयोजन किया गया। हिन्दी दिवस पर सुंदर लिखाई प्रतियोगिता की गई जिसमें बी. ए.प्रथम वर्ष की छात्रा पायल ने प्रथम, द्वितीय स्थान अर्पिता तथा तृतीय स्थान राधा ने प्राप्त किया। बी. ए. बी.एड की छात्रा ने हिन्दी भाषा पर अपने विचार दिए। प्राचार्या डॉ. अमनदीप हीरा जी ने विद्यार्थियों को उत्साहवर्धक शब्दों के माध्यम से भविष्य में भी समारोह आयोजित करने की प्रेरणा दी।